स्पष्ट एक्सप्रेस

आवश्यक मोबाईल नंबर

डॉ. विनोद नौटियाल 38वें राष्ट्रीय योगासन टीम के मैनेजर नियुक्त

स्पष्ट एक्सप्रेस।

श्रीनगर (गढ़वाल), 30 जनवरी 2025: उत्तराखंड राज्य में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन समारोह भव्य रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों द्वारा राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, देहरादून में किया गया।

इस प्रतियोगिता में योगासन को खेल में पहली बार स्थान दिया गया है जिसका आयोजन अल्मोड़ा जनपद में किया जा रहा है। 31 जनवरी से 04 फरवरी तक होने वाली योगासन प्रतियोगिता में गढ़वाल विश्वविद्यालय के डॉक्टर विनोद नौटियाल को राज्य की योगासन टीम के मैनेजर पद पर नियुक्त किया गया है। डॉक्टर विनोद नौटियाल को उनके लम्बे अनुभव व योग के प्रति समर्पण के कारण वरीयता दी गई है। डॉण् नौटियाल ने बताया कि इस वर्ष 15 खिलाड़ी (7 महिलाएं व 8 पुरुष) प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे, जिसमें राज्य को अलग-अलग इवेंट के अंतर्गत अधिक से अधिक गोल्ड प्राप्त होंगे।

समस्त प्रतिभागी प्रतियोगिता में अपना श्रेष्ठ परफॉर्मेंस देने को तैयार हैं। योगासन टीम में पुरुष टीम के विकास लाठर व महिला टीम के करुणा आर्य अनुभवी कोच हैं।

Scanned with OKEN Scanner